आओ जग के लोग सब ही

आओ जग के लोग सब ही
यीशु राजा बुलाता है

1. जग में जिसका स्थान नहीं है,
जग में जिसका मान नहीं है
राज तुम्हें देने के लिए,
यीशु राजा बुलाता है।

2. जग में तुम हो भूखे मरते,
जग में तुम हो प्यासे मरते
भोजन जल अब मुफ्त में देने,
यीशु राजा बुलाता है।

3. सिर पर कांटों का ताज निशानी,
छाप है उसकी बहती पसली
छिदे हाथ पसारे हुए,
यीशु राजा बुलाता है।

4. आओ भाइयो आओ बहनों,
आओ उसको परखो देखो
सारा भार उठाने के लिए,
यीशु राजा बुलाता है।

Aao jag ke log sab hi

Aao jag ke log sab hi
Yeshu raja bulaata hai

1. Jag mein jiska sthaan nahi hai,
Jag mein jiska maan nahi hai
Raaj tumhein dene ke liye,
Yeshu raja bulaata hai.

2. Jag mein tum ho bhookhe marte,
Jag mein tum ho pyaase marte
Bhojan jal ab muft mein dene,
Yeshu raja bulaata hai.

3. Sir par kaanton ka taaj nishani,
Chaap hai uski bahti pasli
Chhide haath pasaare hue,
Yeshu raja bulaata hai.

4. Aao bhaaiyo aao behno,
Aao usko parkho dekho
Saara bhaar uthane ke liye,
Yeshu raja bulaata hai.